## सार-समाचार

### शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**डूंगरपुर,( निसं )।** जिला बार एसोसिएशन डूंगरपुर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजय भटनागर एवं महेन्द्र मेहता पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अमित सहलोत, पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शशि गंजराना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ताराचंद भगोरा पूर्व सांसद, के.के.गुप्ता पूर्व सभापति, प्रभू पण्ड्या जिला अध्यक्ष एवं असरार अहमद पूर्व राज्यमंत्री, सुदर्शन जैन, उप सभापति, लालशंकर घाटिया पूर्व विधायक, सुरता परमार उप जिला प्रमुख के विशिष्ठ आतिथ्य एवं डॉ. शंकर यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बार एसोसिएशन डूंगरपुर के अध्यक्ष डॉ. शंकर यादव द्वारा बार की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई एवं न्यायाधीश महेन्द्र मेहता द्वारा नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बार एसोसिएशन डूंगरपुर के पूर्व अध्यक्षगण, सचिव गण एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. यादव द्वारा बार एवं बेंच का समन्वय बनाकर जिले की जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने के साथ-साथ अधिवक्तागण के हितो के लिए कार्य करने की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई।

### वृद्ध ने पेड़ से लटककर जान दी

**डूंगरपुर,( निसं )।** निठाउवा थाना क्षेत्र के पाल निठाउवा गांव में एक वृद्ध ने अपने घर के पास नीम के पेड से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर मोर्चरी में रखवाया है। निठाउवा थानाधिकारी अब्दुल रज्जाक ने बताया कि निठाउवा पाल निवासी केशिया 50 पुत्र कालिया मजदूरी का काम करता है। सोमवार देर रात केशिया ने अपने परिवार के साथ खाना खाया और रात को सो गया। मंगलवार सुबह परिवार को वृद्ध घर में नहीं मिला। परिजनों ने उसकी तलाश की तो घर के पास में एक नीम के पेड से केशिया का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। केशिया को पेड से लटका शव देखकर परिजनों के होश उड गए। आस.पास के लोगों की भीड जमा हो गई। पुलिस ने परिजनों से मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों की मदद से शव को पेड से नीचे उतरवाया और शव को आसपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

### पीसीपी शिविर का निरीक्षण किया

**भीम,**(निसं)। भीम कस्बे के राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का 15 दिवसीय पीसीपी शिविर प्रारंभ हुआ। प्रधानाचार्य विजेंद्रसिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान स्टेट ओपन बोर्ड के कक्षा 10 एवं 12 के अभ्यर्थीयो को प्रातः 10:30 से 4:30 तक कक्षाएं ली जाएगी। स्टेट ओपन परीक्षा प्रभारी ओमसिंह पंवार ने बताया कि सत्र 2021-22 के पंजीकृत परीक्षार्थियों को गृह विज्ञान सामाजिक विज्ञान, भारतीय संस्कृति एवं विरासत, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान समाजशास्त्र सहित प्रायोगिक विषयों का अध्ययन कराया जाएगा। बताया कि जो भी अभ्यार्थी कैंप में उपस्थित रहेगा उसके 50 प्रतिशत उपस्थिति के एवं 50 प्रतिशत व्यवहार एवं अनुशासन के सत्रांक विषय अध्यापक द्वारा भेजे जाएंगे। मंगलवार को पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विजेंद्रसिंह शेखावत ने शिविर का निरीक्षण किया एवं परीक्षार्थियों को परीक्षा में ईमानदारी एवं मेहनत और लगन के साथ सफलता हासिल करने को लेकर अपने लक्ष्य निर्धारित करने को कहा।

### विधानसभा घेराव में हिस्सा लिया

**कपासन,** (निसं)। रीट परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से विधानसभा घेराव में नगर मंडल के पदाधिकारियों ने जयपुर जाकर भाग लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम दक, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, मंडल प्रभारी एवं जिला महामंत्री कमलेश पुरोहित, पूर्व विधायक बद्री लाल जाट, भूपालसागर प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत, अध्यक्ष देशराज गुर्जर, अशोक विजयवर्गीय ,महामंत्री मंडल महामंत्री सोहन लाल खटीक, भागीरथ नंदकिशोर टेलर, आदि ने विधानसभा की विधानसभा घेराव में भाग लिया ।

# नवाचारों और योजनाओं से लोगों को मिले लाभ : भट्ट

■ संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने संभाग के कलक्टर्स की बैठक ली

**उदयपुर,**(कासं)। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने कहा है कि जनजाति उपयोजना क्षेत्र के निवासियों को राहत देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और सभी जिलाधिकारी प्रयास करें कि उनके नवाचारों और विभागीय योजनाओं से अधिकाधिक लोग लाभांवित हो।

संभागीय आयुक्त भट्ट मंगलवार को आयुक्तालय सभागार में संभाग के समस्त जिला कलक्टर्स और वन विभाग के अधिकारियों की विशेष बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भट्ट ने जनजाति अंचल की भौगोलिक स्थितियों को देखते हुए आवश्यकता आधारित ग्राम विकास योजना के क्रियान्वयन की जरूरत बताई और कहा कि इस दिशा में समस्त विभागों और जिला प्रशासन को मिलकर प्रयास करने होंगे तभी हम सरकार की मंशाओं के अनुरूप जनजाति उपयोजना क्षेत्र के निवासियों को राहत दे पाएंगे।

बैठक में संभाग में 2 लाख हैक्टेयर वन भूमि का अमल दरामद कराने पर चर्चा के साथ सभी कलक्टर्स से उनके उनके क्षेत्र में अमल दरामद की स्थिति की समीक्षा की गई। संभागीय आयुक्त भट्ट ने निर्देश दिए कि असर्वेक्षित भूमि की सर्वे के लिए राजस्व, वन और भू-प्रबंध विभाग की कमेटी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलक्टर्स ने जिलों में भू प्रबंध विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों की अनुपलब्धता बताई जिस पर संभागीय आयुक्त ने भू प्रबंध आयुक्त को इस संबंध में अवगत करा कर कार्यवाही की बात कही।

बैठक में सीसीएफ आर.के.सिंह ने वन विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर अतिरिक्त आयुक्त अंजलि राजोरिया, टीएडी अतिरिक्त आयुक्त वीसी गर्ग, उदयपुर कलेक्टर ताराचंद मीणा, चित्तौडगढ कलेक्टर अरविंद पोसवाल, बांसवाडा कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, प्रतापगढ कलेक्टर प्रकाश चंद्र शर्मा, राजसमंद कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, डूंगरपुर कलेक्टर शुभम चौधरी, जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष सहित समस्त जिलों के उप वन संरक्षक मौजूद थे। संभागीय आयुक्त भट्ट ने जनजाति उपयोजना क्षेत्र में 4 हजार से अधिक गांवों में आयजनक गतिविधियों को बढावा देने के लिए वनधन योजना का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा सकता है।

## सूने मकानों में चोरी की वारदात करने वाला और आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,**(निसं)। पुलिस ने सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग के एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है वहीं विधि से संघर्षरत बालक को डिटेन किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने बताया कि चोरी का माल खरीदने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। मीना ने बताया कि शहर में चोर, नकबजनों की धरपकड के लिए विशेष अभियान चलाते हुए कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी, वृत्ताधिकारी सूर्यवीर सिंह राठौड के निर्देशन में कोतवाली थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में पवन, दिग्पाल सिंह आदि की टीम गठित की गई। इस टीम ने चोर गिरोह के संदिग्ध विजयपाल उर्फ पप्पु डिंडोर निवासी लीमथान व सहदेव मईडा निवासी पीपलवा से पूछताछ की तो इन दोनों ने अपने साथी गैंग के साथ शहर में चोरी की छः वारदाते करना स्वीकार किया। पुलिस टीम ने प्रकरण में वांछित मोहन मईडा निवासी भापोर वडलीपाडा एवं अन्य नाबालिग को डिटेन कर पूछताछ की तो इन लोगों ने त्रिपुरा कॉलोनी लोधा में धूली डामोर के सुने मकान में सोने-चांदी के जेवरात आदि की वारदाते स्वीकारी। पुलिस ने जिन सोने चांदी के व्यापारियों ने यह माल खरीदा था उन्हें भी गिरफ्तार किया। चोरी का माल सिंगवाव निवासी रवि सोनी एवं अमरदीप नगर निवासी मनोज सोनी ने खरीदा था। पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया है। अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।


**आम सूचना**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी मोहम्मद इकबाल पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी मकान नम्बर 136 कच्ची बस्ती सविना उदयपुर के निर्देशानुसार हर खास व आम को सूचित करता हूं कि मेरे व्यवहारी का जाइन्दा पुत्र शरीफ जिसका मेरे व्यवहारी द्वारा पढाई लिखाई एवं निकाह शहनाज बानो से कराया, उसे कुवैत अपने खर्चे से भेजा लेकिन मेरे व्यवहारी का पुत्र व उसकी पत्नी शहनाज बानो मेरे व्यवहारी के कहने में नहीं होकर मेरे व्यवहारी व उनकी पत्नी की सेवा सुश्रुषा व उसके भरण पोषण की कोई व्यवस्था नहीं कर रहा है तथा मेरे व्यवहारी की सामाजिक मान प्रतिष्ठा को भी धूमिल करने पर आमादा है। इस कारण मेरा व्यवहारी अपनी समस्त चल अचल सम्पति से जरिये इस आम सूचना के बेदखल कर रहा है। मेरे व्यवहारी के पुत्र व पुत्रवधू से कोई लेन देन, सम्पति सम्बंधी संव्यवहार नहीं करें और अगर कोई भी व्यक्ति लेन देन व संव्यवहार सम्पति के सम्बंध में करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा और ऐसा किया गया संव्यवहार मेरे व्यवहारी के अधिकारों के मुकाबले शून्य व निष्प्रभावी माना जावेगा।

स्थान:उदयपुर
दिनांक: 15.02.2022
मोहम्मद साबीर छीपा ( एडवोकेट )
ऑफीस चे.नं.36, न्यायालय परिसर,
उदयपुर मो.नं.9414229918


## पशु चोरी करने वाले तीन आरोपी पकड़े

**उदयपुर,**(कासं)। सलूम्बर थाना पुलिस ने मवेशी चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पीड़ित अदकालिया निवासी प्रकाशचन्द्र पुत्र मोहनलाल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 6 जनवरी 2022 को रात में अज्ञात चोर बाड़े का ताला तोड़ कर भैस चुरा ले गए। इस मामले में पुलिस उप अधीक्षक सलूम्बर सुधा पालावत के सुपरविजन में सलूम्बर थानाधिकारी हनवन्तसिंह सोढ़ा के नेतृत्व में एएसआई पुजीलाल, हेडकांस्टैबल देवीदयालसिंह, कांस्टेबल गणेशलाल, पुष्कर मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर गावड़ाउपाल फला जेलावत सलूम्बर निवासी भेरूलाल उर्फ भेरापुत्र भंवरजी, हुरजा उर्फ सुरेश पुत्र देवाजी को डिटेन कर पूछताछ की तो दोनों ने चोरी की गई भैसे काली भीत लसाड़िया हॉल पीपली खेड़ा लुणदा कानोड़ निवासी दुर्गाशंकर पुत्र प्यारजी को बेचना स्वीकार किया। इस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी कीगई भैस बरामद की। आरोपी हुरजा उर्फ सुरेश शातिर अपराधी हो पुर्व में चोरी, लुट, नकबजनी, पशु चोरी के कई प्रकरण दर्ज है।

## डकैती मामले में दो गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। गोदाम से शराब भर कर दुकान की तरफ जा रही शराब से भरी गाड़ी लूटने की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में दो आरोपियों को कोटड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 11 फरवरी 2022 को राकेश ने रिपोर्ट दी कि शराब ठेका लाईसेंसधारी प्रवीण का मोरछुछा में गोदाम है। मैं उसक यहांपरकाम करता हूं। सवेरे गाड़ी में शराब भर कर दुकान पर ले जा रहा था। इसी दौरान पिछे से आई कार गाड़ी के आगे आकर रूकी। जिसमें से चार व्यक्ति लठ्ठ लेकर बाहर आए जिनमें पूर्व में हमारी गाड़ी चालाने वाले भेसड़ा खुर्द निवासी मोहनलाल व दूसरा भैसड़ा कला निवासी छगनलाल था। जो जान से मारने की धमकी देकर शराब से भरी गाड़ी लूट ले गए।इस मामले मे प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हर्ष रतनू पुलिस उप अधीक्षक कोटड़ा कुशाल चोरड़िया के सुपरविजन में शराब लूट के आरोपी भेसडाकला, डबोक निवासी छगनलाल पुत्र डालचन्द,भेसड़ा खुर्द डबोक निवासी मोहनलाल पुत्र भंवरलाल को गिरफ्तार किया।

## ठगी करने वाले आरोपी पकड़े

■ नकली सोने के बिस्किट को असली बता कर करते थे ठगी

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने नकली सोने के बिस्किट को असली बता कर वृद्धा के साथ ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 14 फरवरी 2022 को पीड़िता ठक्कर बाबरा कॉलोनी सूरजपोल निवासी लक्ष्मीबाई पत्नी छगनलाल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं शादी ब्याव में पूड़ियां बेलने काकाम करती हूं। 13 फरवरी को घर से उदियापोल की तरफ पैदल जा रही थी इस दौरान चौराहे के समीप दो बुजुर्ग मुझे मिले जिनमें से एक व्यक्ति ने सफेद कपड़े की पोटली मेरे पास गिराई। जिसे दूसरे बुजुर्ग ने उठा कर मुझे कहा माताजी पोटली को हाथ लगा लो तथा इसमें जो कुछ है रख लेना तब मैने हाथ लगाया और खोल कर देखा तो उसमें एक सोने की डली थी। इसे आप रख लो मुझे पांच हजार रूपये दे दो। नकदी होने से इनकार करने पर आरोपियों के कहने पर पोटली रख कर मैने अपना मंगलसूत्र दे दिया तथा किसी को नहीं बताने की कसम देकर चले गए। रात को घर लौट आई। दूसरे दिन सवेरे पुत्र को बताया तो उसने सोने जैसी डली को नकली होना बताया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अशोक कुमार, पुलिस उप अधीक्षक शहर जरनैलसिंह के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी लिलाधर मालवीय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर सूरजपोल चम्पालाल धर्मशाला में ठहरे रेलवे लाईन पार मिर्जापुर नवादा बिहार निवासी नवल कुमार पुत्र भुषण सहाय उर्फ लाला, सहूर सीता रामपुर सूर्यगढ़ा लखीसराय बिहार हॉल हलुदकनाली मिहिजाम जामताड़ा झारखण्ड निवासी अर्जुन प्रसाद पुत्र रामकिशन प्रसाद को गिरफ्तार कर असली मंगलसूत्र बरामद किया। आरोपी बिहार एवं झारखण्ड के रहने वाले होकर उनकी सन्तान सहयोग नही करते है। जिसके चलते झारखण्ड व बिहार से उदयपुर आकर इस प्रकार की घटनाओ को अन्जाम देना स्वीकार किया है।अब तक की पूछताछ पर दोनो अभियुक्तों ने उक्त घटना के अलावा उदयपुर शहर में कोर्ट चौराहा के आसपास एक महिला से भी ठगी कर सोने की अंगुठी एवं कान के बुन्दे ठगना स्वीकार किया है। आरोपियों ने बिहार पटना शहर, समस्तीपुर, मुजफ्फर एवं पश्चिमी बंगाल के आसपनसोल, बडाकर व झारखण्ड के रांची शहर में विगत 8-10 वर्षो से इसी प्रकार की वारदातें करना स्वीकार किया।


प्रारूप-10
( नियम-6( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी ( अधिशाषी अधिकारी )**
**नगरपालिका मण्डल, बड़ीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/न.पा.ब./भू.रू./2021-22/865 दिनांक: 14.02.2022

**लोक-सूचना**

श्री नूरूद्दीन बोहरा पिता श्री फखरूद्दीन बोहरा निवासी पुलिस थाना के पास बड़ीसादड़ी तहसील बड़ीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| तहसील बड़ीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़ | बड़ीसादड़ी | 720 | 0.16 हैक्ट. |

इसके लिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनार्थ के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को कोई आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14.02.2022 को जारी की गयी।

( प्राधिकृत अधिकारी )
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बड़ीसादड़ी



Government of India/भारत सरकार
Ministry fo Communications / संचार मंत्रालय
Department of Telecommunications /दूरसंचार विभाग
Office of the Controller of Communication Accounts / कार्यालय नियंत्रक, संचार लेखा
Sanchar Lekha Bhawan, Jhalana Doongari Instituional Area, Jaipur-302004
Phone No.-0141-2700339 www.cgca.gov.in/ccarj/
Email-cca.pension-rj@gov.in

पत्रांक: आरडॉट /8-2/पेंशन -अदालत/2021-22 दिनांक:- 09.02.2022

**राष्ट्रीय डिजिटल पेंशन अदालत**

इस कार्यालय द्वारा दिनांक 21.03.2022 से 25.03.2022 के मध्य कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा झालाना डूंगरी, जयपुर में एक दिवसीय डिजिटल नेशनल पेंशन-अदालत का आयोजन प्रस्तावित है।इसमें भारत सरकार के दूरसंचार विभाग एवं भारत संचार निगम लि. के पेंशनर अपनी पेंशन सम्बन्धी शिकायत, यदि तीन माह से अधिक पुरानी हो, तो इस कार्यालय में दिनांक 20.02.2022 तक प्रस्तुत कर सकते हैं ताकि उनके निवारण हेतु विचार किया जा सके। पेंशनर इस संदर्भ में कार्यालय को ई-मेल cca.pension-rj@gov.in तथा डाक द्वारा कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा, झालाना डूंगरी, जयपुर -302004 पर अपनी शिकायत भेज सकते है।

लेखाधिकारी ( पेंशन )
राजस्थान, जयपुर

DAVP 06219/11/0002/2122



**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट सर्विस, मुरादाबाद मंडल, उ.रे. ने उपयुक्त श्रेणी में संशोधित व्यापक संशोधित पट्टा नीति 2014 (सीपीएलपी-2014) के तहत मुरादाबाद मंडल के पंजीकृत पट्टा धारकों को मुरादाबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों से शुरू होने वाली निम्नलिखित ट्रेनों के एसएलआर/एसएलआरडी स्पेस को पट्टे पर देने के अनुबंध हेतु आमंत्रित (नियमित ट्रेन के साथ-साथ सम्बन्धित विशेष गाड़ी संख्या इसके सामने उल्लेखित है) आमंत्रित निविदाएँ संशोधित सीपीएलपी-2014 के अधीन होगी, रेलवे बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी किये गए इसके संशोधन के साथ पढ़ें। पट्टा पाँच वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा। निम्नलिखित ट्रेनों के लिए एक पैकेट खुली निविदाएं निविदा www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:

| क्र. सं. | रेगुलर गाड़ी नम्बर | स्पेशल गाड़ी नम्बर | स्टेशन से | स्टेशन तक | क्षमता (टन में) | कम्पार्टमेंट (SLR/SLRD) | स्केल रेट ऑफ ट्रेन | फ्रिक्वेंसी सप्ताह के दिन/ जिसमें चलेगी | आरक्षित राशि कम्पार्टमेंट वाईस (में रु.) | ईएमडी (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15006 | 15006 | देहरादून | गोरखपुर | 3.9 | F-I | P | TUE, THU-02 | 9,003.54 | 100000 |
| 2 | 19566 | 19566 | देहरादून | ओखा | 4 | F-I, F-II, R-I | P | Sun-01 | 16,836.40 | 100000 |
| 3 | 12091 | 12091 | देहरादून | काठगोदाम | 4 | F-I, F-II, R-I | P | TUE, WED, FRI, SAT, SUN-05 | 4,664.40 | 100000 |
| 4 | 14266 | 14266 | देहरादून | वाराणसी | 4 | F-I, F-II, R-I | R | DAILY-07 | 14,216.00 | 100000 |
| 5 | 14042 | 14042 | देहरादून | दिल्ली | 4 | F-I, F-II, R-I | P | DAILY-07 | 4,578.00 | 100000 |
| 6 | 12328 | 12328 | देहरादून | हावड़ा | 4 | F-I F-II, R-I | R | WED, SAT-02 | 24,258.00 | 100000 |
| 7 | 12402 | 12402 | देहरादून | कोटा | 3.9 | F-I | P | DAILY-07 | 8,356.14 | 100000 |
| 8 | 12172 | 12172 | हरिद्वार | लोकमान्य तिलक टर्मिनल | 3.9 | F-I | R | TUE, FRI-02 | 25,354.68 | 100000 |
| 9 | 14711 | 14711 | हरिद्वार | श्री गंगानगर | 4 | F-I, F-II, R-I | P | DAILY-07 | 5,953.20 | 100000 |
| 10 | 14718 | 14718 | हरिद्वार | बीकानेर | 4 | F-I, F-II, R-I | P | TUE, THUS, SAT-03 | 8,570.40 | 100000 |
| 11 | 13010 | 13010 | योगनगरी ऋषिकेश | हावड़ा | 4 | F-I, F-II, R-I | R | DAILY-07 | 23,778.00 | 100000 |
| 12 | 19610 | 19610 | योगनगरी ऋषिकेश | उदयपुर | 4 | F-I, F-II, R-I | P | TUE, FRI, SUN-03 | 10,977.20 | 100000 |
| 13 | 14311 | 14311 | बरेली | भुज | 4 | F-I, F-II, R-I | R | TUE, THU, SAT-03 | 23,778.00 | 100000 |
| 14 | 14321 | 14321 | बरेली | भुज | 4 | F-I, F-II, R-I | R | MON, WED, FRI, SUN-04 | 22,324.80 | 100000 |
| 15 | 12370 | 12370 | देहरादून | हावड़ा | 4 | F-I,F-II,R-I | R | MON, TUE, THUS, FRI, SUN-05 | 24,258 | 100000 |
| 16 | 14631 | 14631 | देहरादून | अमृतसर | 4 | F-I, F-II, R-I | P | DAILY-07 | 6133.2 | 100000 |
| 17 | 14318 | 14318 | देहरादून | इंदौर जं. | 3.9 | F-I | R | FRI, SAT | 18750.03 | 100000 |
| 18 | 14310 | 14310 | देहरादून | उज्जैन | 3.9 | F-I | R | TUE, WED | 17676.36 | 100000 |
| 19 | 12056 | 12056 | देहरादून | नयी दिल्ली | 3.9 | F-I | P | DAILY-07 | 4296.24 | 100000 |
| 20 | 22918 | 22918 | हरिद्वार | बांद्रा टर्मिनल | 3.9 | F-I | R | THU | 24,528.00 | 100000 |
| 21 | 14315 | 14315 | बरेली | नयी दिल्ली | 4 | F-I, F-II, R-I | P | DAILY-07 | 3,937.60 | 100000 |
| 22 | 14236 | 14236 | बरेली | वाराणसी | 4 | F-I, F-II, R-I | P | Daily-07 | 6,562.40 | 100000 |
| 23 | 14314 | 14314 | बरेली | लोकमान्य तिलक टर्मिनल | 4 | F-I, R-I | R | SAT | 24,528.00 | 100000 |
| 24 | 14120 | 14120 | देहरादून | काठगोदाम | 3.9 | F-I | P | TUE, THU, SAT | 4547.79 | 100000 |
| 25 | 54342 | 04374 | देहरादून | सहारनपुर | 4 | F-I, F-II, R-I | P | DAILY | 2687.6 | 100000 |
| 26 | 54077 | 04303 | बरेली | दिल्ली | 4 | F-I, F-II, R-I | P | DAILY | 3937.6 | 100000 |
| 27 | 54352 | 04376 | बरेली | अलीगढ़ जंक्शन | 4 | F-I, F-II, R-I | S | DAILY | 1512 | 100000 |
| 28 | 54311 | 04365 | बरेली | मुरादाबाद | 4 | F-I, F-II, R-I | S | DAILY | 1226.8 | 100000 |
| 29 | 14609 | 14609 | ऋषिकेश | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 3.9 | F-I | P | DAILY | 7571.46 | 100000 |
| 30 | 14887 | 14887 | ऋषिकेश | बाड़मेर | 4 | F-I, F-II, R-I | R | DAILY | 19230.8 | 100000 |
| 31 | 54328 | 04338 | शाहजहांपुर | सीतापुर सिटी | 4 | F-I, F-II, R-I | S | DAILY | 1054.8 | 100000 |
| 32 | 54330 | 04306 | शाहजहांपुर | बालामयु | 4 | F-I, F-II, R-I | S | DAILY | 1117.2 | 100000 |
| 33 | 04320 | 04320 | शाहजहांपुर | लखनऊ | 4 | F-I, F-II, R-I | S | TUE, WED, FRI, SAT, SUN | 1512 | 100000 |
| 34 | 54335 | 04341 | बालामयु | कानपुर सेन्ट्रल | 4 | F-I, F-II, R-I | S | DAILY | 1226.8 | 100000 |
| 35 | 54332 | 04356 | बालामयु | लखनऊ | 4 | F-I, F-II, R-I | S | MON, THU | 937.6 | 100000 |
| 36 | 54329 | 04305 | बालामयु | शाहजहांपुर | 4 | F-I, F-II, R-I | S | DAILY | 1117.2 | 100000 |
| 37 | 12037 | 12037 | कोटद्वार | दिल्ली | 3.9 | F-I | P | DAILY | 3648.84 | 100000 |
| 38 | 54092 | 04388 | कोटद्वार | नजीबाबाद | 4 | F-I, F-II, R-I | S | DAILY | 820.4 | 100000 |
| 39 | 54386 | 04392 | कोटद्वार | नजीबाबाद | 4 | F-I, F-II, R-I | S | DAILY | 820.4 | 100000 |
| 40 | 22660 | 22660 | योगनगरी ऋषिकेश | कोचुवेली | 3.9 | F-I | R | Mon | 39,327.21 | 100000 |
| 41 | 14308 | 14308 | बरेली | प्रयागराज संगम | 4 | F-I, F-II, R-I | R | DAILY | 8,286 | 100000 |
| 42 | 14320 | 14320 | बरेली | इंदौर जं. | 4 | F-I, F-II, R-I | P | WED | 11,422.00 | 100000 |
| 43 | 12912 | 12912 | हरिद्वार | वलसाड | 3.9 | F-I | R | WED | 22,641.20 | 100000 |
| 44 | 19020 | 19020 | हरिद्वार | बांद्रा टर्मिनल | 4 | F-I | R | Only Mon | 24,528 | 100000 |

3.9/4 टन की क्षमता वाली एसएलआर इकाई के प्रत्येक डिब्बे को एक व्यक्तिगत निविदा के रूप में माना जायेगा। अनुबंध दोनों ट्रेन नम्बरों यानि नियमित ट्रेन नम्बर और स्पेशल ट्रेन नम्बर के लिए एक दूसरे के लिए मान्य होगा (नियमित ट्रेन के बदले चलने वाली) निविदा प्रस्तुत करने के इच्छुक किसी भी बोलीदाता को उपरोक्त सूची में उल्लिखित प्रत्येक डिब्बे के लिए अलग से ई-निविदा प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी और तदनुसार निविदाओं में भाग लेने के लिए निविदा लागत और ईएमडी का भुगतान करना होगा। प्रत्येक कम्पार्टमेंट के लिए निविदा दस्तावेज़ की लागत 1180/- रुपये है और प्रत्येक डिब्बे के लिए ईएमडी 1 लाख रुपये है। निविदाएँ- दिनांक **16.03.2022 को 14:00 बजे** तक आमंत्रित की जायेगी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | **उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा - हमारा ध्येय | 325/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ






आरबीआई कहता है... डिजिटल चुनो, सुरक्षा के साथ

**अपना PIN, Password, OTP, CVV कभी भी, किसी को भी न बताएं, वर्ना नुकसान हो सकता है।**

- अपने बैंक अकाउंट की जानकारी गलत हाथों में न जाने दें
- आपके बैंक खाते से धोखे से पैसे निकाले जा सकते हैं

अधिक जानकारी के लिए www.rbi.org.in पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

